विश्वकर्मा संकेत
VISHWAKARMA SANKET

भारतीय मज़दूर संघ का मुख पत्र

Vol 13 No.3 Annual Subscription Rs. 50/-, Single Copy Rs. 5/- March, 2005



'सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ' द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में १८-फर. को जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन में सर्वश्री उदय पटवर्धन, गिरीश अवस्थी एवं विजय कुमार मलहोत्रा

बजट के मुख्य बिन्दु

- एक लाख रू. तक आमदनी आय-कर से मुक्त
- एक दिन में बैंक से १०-हजार रू. से अधिक निकालने पर ०.१% कर लगेगा
- मोबाइल आयकर रिटर्न से मुक्त ५०-हजार से अधिक का वार्षिक बिजली बिल शामिल
- राजमार्ग प्रोजेक्ट के लिए पेट्रोल व डीजल पर ५० पैसे प्रति लीटर उपकर लगेगा
- रसोई गैस ओर मिट्टी के तेल पर सीमा शुल्क नहीं, कच्चे तेल पर सीमा शुल्क घटा
- ४-लाख तक व्यवसाय करने वाले सेवा प्रदाताओं को सेवा कर से छूट
- कषि उत्पादों पर सीमा शुल्क की उच्चतम दर १५%
- लोहे, इस्पात पर शुल्क घटा, कपड़ा मशीनरी, रेफ्रीजरेटेड वाहनों पर शुल्क १०%
- चयनीत पूंजीगत वस्तुओं पर सीमा शुल्क घटकर १०%
- व्यवसाय आधारित लघु उद्योगों के लिए छूट की ३-करोड़ रू. की अधिकतम सीमा बढ़ाकर ४-करोड़ रू.
- घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों को कुछ और व्यवसायिक सुविधायें
- अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के लिए इक्विटी सहायता में वद्धि
- अल्पसंख्यक बहुल जिलों ब्लॉकों या गावों में स्कूल खुलेंगे
- अनिवासी भारतीयों द्वारा अर्जित ब्याज पर कर में छूट रहेगा
- २-करोड़ ३०-लाख घरों को बिजली के नये कनेक्शन
- भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलूर को विश्वस्तरीय विवि बनाने के लिए सौ करोड़ रू.

सामाजिक कर्तव्य और पत्नि धर्म में समझौता नहीं

कुछ शताब्दियों पुरानी बात है । तमिलनाडु में काँचीपुरम् के निकट 'तेल्लारू' नामक गाँव की ग्राम पंचायत की महिला सरपंच थी 'परमकरूणै' । एक बार गाँव की कुछ महिलाओं ने उनके पास न्याय के लिये गुहार लगाई । उनका कहना था कि प्रतिदिन स्नानार्थ नदी जाते समय उनके साथ एक व्यक्ति अभद्रता करता है । गाँव के कोतवाल द्वारा उस व्यक्ति को बंदी बना कर सरपंच के समक्ष लाया गया । सुनवाई के पश्चात् 'परमकरूणै' ने आगामी ४०-दिन तक उसे प्रतिदिन गाँव के शिव मंदिर प्रांगण की सफाई करके, पानी छिड़कने का दंड दिया । दूसरे दिन से ही दंड प्रारंभ हो गया । किंतु अगले दिन ग्रामवासियों ने अकल्पनीय दश्य देखा । स्वयं 'परमकरूणै' शिवमंदिर के सामने झाड़ू लगाकर सफाई कर रही थी और पानी छिड़क रही थी । चकित लोगों के प्रश्न का उत्तर दिया कि 'सरपंच के नाते मैंने कल अपराधी को दंडित करने का निर्णय दिया, वह मेरा सामाजिक कर्तव्य था, परंतु वे मेरे पति होने के कारण उनके दंड भुगतने में मुझे भी सहभागी होना मेरा पत्नि धर्म है, उसे मैं अब निभा रही हूँ '।

उसका सामाजिक कर्तव्य बोध और गहिणी धर्म निभाने में श्रद्धा - इन दोनों की सराहना करते हुए ग्रामवासियों ने उसे 'कुडिक्कुराई तीर्त्त नाचियार' (जन संकट के प्रति संवेदनशील नारी) उपाधि देकर उसी शिव मंदिर के द्वार पर शिलालेख लगवाया जो आज तलक भी वहीं दश्यमान है ।

स्व. ठेंगड़ी जी के प्रेरक प्रसंग

• पहली भेंट में ही व्यक्ति उनका हो जाता था

राजू नामक व्यक्ति का एक दिन फोन आया कि ठेंगड़ी जी से बात करनी है । ठेंगड़ी जी को बतलाते ही वे तुरंत उठकर फोन पर परिवार के सभी सदस्यों का कुशलक्षेम पूछने लगे । अंत में सायं ५ बजे पिताजी को साथ लेकर घर पर मिलने की बात तय हुई । फोन रखने के उपरांत उन्होंने मुझे कहा कि सायं ५ बजे एक बहुत बड़ा व्यक्ति आने वाला है । उसको एक शाल तथा एक कुर्ता देना है तथा खाने-पीने हेतु कुछ अच्छे पदार्थ काजू, बादाम, काजू बर्फी, जूस आदि भी मंगाना होगा । प्रायः ५ बजे तक वे विश्राम किया करते थे परंतु उस दिन ४ बजे से ही वे तैयार होकर गेट के पास कुर्सी पर आ बैठे । नियत समय पर राजू अपने पिता शब्बीर मियां को साथ लेकर पहुंच गया । भेंट होते ही मा. ठेंगड़ी जी सब्बीर मियां से लिपट गये, तत्पश्चात् शाल ओढ़ाकर स्वागत करते ही शबबीर की आंखों से आंसू टपकने लगे । यह बड़ा व्यक्ति और कोई नहीं बल्कि उनके बाल काटने वाला साऊथ एवेन्यू मार्किट का एक साधारण बारबर था । यानी जिस किसी छोटे-बड़े से वे एक बार मिल लेते थे सदा के लिये वह उनका हो जाता था ।

• वचन अंत तक निभाने का उनका स्वभाव

जून २००४ की बात है । मा. ठेंगड़ी जी के साथ रात्री भोजन से पूर्व साधारण बातचीत में मैंने पूछा कि आप प्रायः टैक्सी में ड्राइवर के पास ही क्यों बैठते हैं ?

उन्होंने बताया, 'इसका भी एक कारण है, डॉ. अम्बेडकर के प्रमुख सहयोगी बाबा साहिब गायकवाड़ डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती थे, एक दिन उन्हें मिलने मैं अस्पताल गया था वहां पर उनके कुछ परिवार जन भी उपस्थित थे, कुशल क्षेम पूछने पर बाबा साहिब ने मुझे पास बुलाकर कहा कि 'मेरी एक अंतिम इच्छा है और इसे तुम ही निभा सकते हो, इच्छा पूछने पर उन्होंने बताया कि जब भी तुम टैक्सी में बैठो तो ड्राइवर के साथ वाली सीट पर ही बैठना'। इस प्रकार गायकवाड़ जी की इस इच्छा का उन्होंने अंत तक निर्वाहन किया । *- जगदीश जोशी कार्यालय मंत्री*

-: पाथेय :-

ना धर्मश्चरितो लोके सद्यः फलती गौरिव ।
शनैरावर्तमानस्तु कुर्तुमूलानि कृतन्ति ।।

अर्थ : किया हुआ पाप पृथ्वी में बीज की भांति तत्काल फल नहीं देता किंतु धीरे-धीरे फलित होता । अनुकूल ऋतु आने पर वह मूलोच्छेदन तक कर डालता है ।

विषय-सूची

- बजट - एक मुखौटा ५
- आर्थिक नीतियों के विरूद्ध आवाज उठाना आवश्यक ६
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस १०
- It IS Stagnating Budget 11
- TUs Reject LIC Wage Hike Offer 12
- Ordinance Sets Up Pension Regulator 15

सम्पादकीय

पेटेंट अध्यादेश लागू कर डा. सिंह ने किस का ऋण चुकाया

खुशहाली के चक्कर में उदारीकरण के विदेशी रामबाण से आहत होकर करोड़ों-२ लोग बेरोजगार हो कर पहले ही त्राहि-२ कर रहे हैं । खेती एवं कुटीर उद्योगों से जैसे-तैसे आजीविका कमाने वाले बचे खुचे लोगों पर अब नये उत्पाद पेटेंट अध्यादेश के लागू होने से गाज गिरने लगेगी । अभि-२ 'रिसर्च फाउंडेशन आफ साइंस टेक्नोलाजी एंड इकोलोजी' व 'नैशनल ग्रुप आन पेटेंटस' और 'द ट्रांस्फार्म इंडिया ग्रुप' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी के बाद प्रख्यात् शिक्षा शास्त्री प्रो. यश पाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस अध्यादेश से किसान अपने ही बीज सुरक्षित रखकर खेती करने के परम्परागत् अधिकार से, गरीब रोगी सस्ती जीवन रक्षक औषधियों से एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी 'कम्प्यूटर साफ्टवेयर तक के उपयोग से वंचित कर दिये जायेंगे । भारतीय खेतों में कौन सी फसल उगाई जाये, इसका एकाधिकार बीज आपूर्ति करने वाले 'मोसेंटो' एवं 'कारगिल' जैसे बदनाम अमरीकी निगमों को सौंप दिया गया है, यहां तक कि अपने बीजों से खेती करने वाला कृषक दंडनीय अपराधी माना जायेगा ।

भारतीय पेटेंट विशेषज्ञ डा. बी. के. कैला ने शंका जताई कि सुनामी की प्राकृतिक त्रासदी से भी कहीं अधिक गरीब रोगी अत्यंत मंहगी जीवन रक्षक औषधियों की अनोपलब्धता के कारण मृत्यु के ग्रास बन जायेंगे । ज्ञातव्य हो कि भारत गरीबों के जीवनरक्षण के अपने संवैधानिक एवं मानवीय कर्तव्य का पालन, १९७० के प्रक्रिय पेटेंट के आधार पर अत्यधिक सस्ती जीवन रक्षक औषधियों की आपूर्ति द्वारा न केवल भारत बल्कि दूसरे गरीब देशों को भी अभी तक करता आया है ।

देशवासियों को तो हैरानी इस बात की है कि WTO के जो निर्णय अमेरिका के हित में नहीं वे यदि WTO प्रणेता अमरीका के लिये ही बाध्यकारी नहीं तो अहितकर पेटेंट निर्णयों को मानना भारत अपने लिये बाध्यकारी क्यों मानता है । लोगों की तो समझ से यह भी परे है कि सच्ची सुच्ची छवि वाले डॉ. मनमोहन सिंह ने किसके दबाव में अथवा किस से वफा निभाने के उद्देश्य से गरीबों के जानलेवा उत्पाद पेटेंट अध्यादेश को बिना संसदीय चर्चा के लागू करने का साहस किया है ।

रायपुर कार्यसमिति निर्णय

१४ मार्च पेटेंट संशोधन विधेयक विरोध प्रदर्शन

रायपुर में भामसं. ने १०६वीं दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक में पेटेंट संशोधन विधेयक संसद पटल पर प्रस्तुत करने के विरोध में १४ मार्च को समूचे देश में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है । अतः धरना, प्रदर्शन, पुतला दहन आदि कार्यक्रमों के माध्यम से रोष प्रकट करने का आह्वान कार्यसमिति ने समस्त देशवासियों से किया है ।

१४वां स्वर्ण जयन्ती अधिवेशन - रामलीला मैदान, दिल्ली
३,४,५ अप्रैल - २००५

बैठकें - अतुल ग्रोव रोड :-

- संचालन समिति - ३१ मार्च ०५
- पदाधिकारियों सहित संचालन समिति - १ अप्रैल ०५
- कार्यसमिति - २ अप्रैल ०५
- अधिवेशन उद्घाटन प्रातः १० बजे - ३ अप्रैल ०५

श्री चन्द्रशेखर राव, श्रम मंत्री, भारत सरकार

- शोभा यात्रा प्रातः ११.३० बजे - ४ अप्रैल ०५

प्रस्थान रामलीला मैदान से जंतर-मंतर
प्रकट सभा १२-३० से २ बजे दोपहर - जंतर मंतर

- महिला सत्र ४-३० से ६.३० बजे सायं - रामलीला मैदान
- पूर्णकालिक व प्रचारक संयुक्त बैठक, भोजनोपरांत रात्री ६ बजे
- अधिवेशन समारोप दोपहर २ बजे - ५ अप्रैल ०५
- नवनिर्वाचित पदाधिकारी बैठक प्रातः ६ अप्रैल ०५

प्रस्ताव - २

कार्यसमिति द्वारा पारित पहले प्रस्ताव में जहां सरकार से मांग की है कि वह कृषकों को अपने सुरक्षित बीजों से खेती करने के परंपरागत अधिकार से वंचित कर उन्हें कारगिल एवं मोर्सेंटो जैसे बदनाम अमरीकी निगमों के हाथों गिरवी रखने वाले पेटेंट विधेयक को वापिस ले, वहां दूसरे प्रस्ताव में चिंता व्यक्त की गई कि देश के ३७ करोड़ श्रम बल में से ३० करोड़ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिये पहले तो विधेयक ही देरी से वर्ष ०४ में लाया गया और लाने के बाद अभि तक भी सामाजिक सुरक्षा प्रदान ही नहीं की गई । कार्यसमिति को खिन्नता इस बात की भी है कि समस्या की व्यापकता के अनुपात में GDP के मात्र १% का व्यय करने का प्रावधान न रखना तो मानो ऊंट के मुंह में जीरे के समान मजाक ही है ।

गरीबी तेरे अनेक नाम - अनुमति रिमझा

बीड़ी कामगारों के जीवन में अंधेरा

भारत में ५०% से अधिक लोग, बीड़ी, सिगार और तम्बाकू का सेवन करते हैं जिससे इनके शरीर को हानि पहुंचती है । किंतु फिर भी लोग इसका सेवन करते हैं ।

दूसरी ओर इस युग में जन्में प्रत्येक मनुष्य को आजीविका चलाने के लिये श्रम करना पड़ता है, इसी प्रकार के श्रमजीवी हैं तम्बाकु की खेती में काम करने वाले, इनकी स्थिति को भी हम जानें :-

कई बार इन मजदूरों को काम करते हुए घातक रोगों से जूझना पड़ता है ।

गुजरात के खेड़ा जिले के कई गांवों में तम्बाकु की खेती होती है । जब खेती पक जाती है तब पत्तों को तोड़कर भूमि पर सूखाने के बाद इनको हाथों से तोड़कर बारीक करना पड़ता है । महिलाएं इनकी कुटाई डंडों से करती हैं । इस प्रकार जो चूरा उड़ता है वही श्वास द्वारा फेफड़ों में जाने से मजदूरों को टी.बी., कैंसर जैसे घातक रोग हो जाते हैं ।

हमारे देश में बहुत से लोग बीड़ी बनाने का काम करते हैं । मध्यप्रदेश तो बीड़ी बनाने का गढ़ है । कई परिवार इस काम में लगे हुए हैं । कई परिवारों का पीढ़ियों से आज तक यही धंधा है । बीड़ी बनाने वाले मजदूरों को प्रायः कमर दर्द, टी.बी, कैंसर, दमा, आँखों के रोग आदि से ग्रस्त होना पड़ता है ।

वर्ष १९८६ से इन मजदूरों के लिये सरकार ने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का प्रावधान तो किया है किंतु इस योजना की मजदूरों को जानकारी न होने के कारण वे इसका लाभ नहीं उठा पाते थे । सेवा द्वारा कई वर्षों के सघन प्रयास से अब कहीं जाकर म.प्र. के मजदूरों को इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलने लगा है किंतु कई बार रोग की विकरालता के अनुपात में उपलब्ध अपर्याप्त सुविधा के कारण आज भी मजदूर को अपनी जान तक से हाथ धोना पड़ता है ।

अतः इन लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं समुचित रूप से मिलें इसके लिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को साथ मिलकर प्रयास करने होंगे, तभी समाज की कल्पना साकार हो सकेगी ।

भगवान् स्वरूप बच्चों की दुर्दशा

लाड़ प्यार की आयु में कोमलांगी बच्चों को पढ़ने की बजाये पेट भरने के लिये मजदूरी करने पर विवश होते हम सभी प्रायः देखते हैं ।

यात्रा करते एक बार मैंने देखा कि छोटे-२ बच्चे अपने पहने हुए कपड़ों को उतारकर उससे ही गाड़ी के डिब्बें में फैले कचरे की सफाई कर रहे थे और उसके बाद यात्रियों से मजदूरों के रूप में नहीं बल्कि भीखारियों के समान पैसे मांग रहे थे ।

प्रातः होते ही मैंने देखा कि छोटे-२ बच्चे समाचार पत्र बेच रहे हैं, कुछ बच्चे यात्रियों का सामान ढो रहे हैं तो कुछ बच्चे चाय बेच रहे हैं । ऐसा क्यों ? इसके पीछे कौन सी शक्तियां काम कर रही हैं जो उन बच्चों को ये सारे काम करने पर विवश कर रहीं हैं ? इसके पीछे उनका परिवार हो सकता है । उनके माँ-बाप खेल-कूद की बजाये स्वयं उन्हें मजदूरी करने भेजते होंगे क्योंकि उनको भी निश्चय ही कोई आर्थिक परेशानी होगी । वैसे तो बच्चों को भगवान् का रूप माना जाता है फिर भी हमारे देश में इन भगवान् स्वरूप बच्चों की ऐसी दुर्दशा क्यों है ? इनकी इस स्थिति के लिये सरकार भी थोड़ी बहुत तो जिम्मेदार है ही । वैसे अब तो सरकार भी कुछ चेती है और उसने बच्चों से इस प्रकार मजदूरी करवाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करना प्रारंभ किया है ।

बच्चों की इस स्थिति के पीछे एक और शक्ति जिम्मेदार है वह है हमारे देश की गरीबी । जो माँ-बाप अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं वे भी गरीबी के कारण बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छुड़वा देते हैं, ताकि उनका बच्चा भी रोजी कमाने में उनके साथ हाथ बटा सके ।

बाल मजदूरी के विरूद्ध सरकारी कानून बनाये जाने के बाद भी बाल मजदूर घटने की बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं ।

ईश्वर रूपी इन बच्चों के लिए हमें कुछ करना ही चाहिए क्योंकि उनकी आंखों में भी कुछ सपने हैं, मन में इच्छाएं हैं, वे पूरी नहीं हो पातीं । बच्चे तो कोमल पौधों के समान होते हैं पुष्पित पल्लवित करके उन्हें सभ्य नागरिक के रूप में विकसित किये बिना, हम अपने नैतिक एवं सामाजिक ऋण से मुक्त नहीं हो सकते ।

('अनसूया' मासिक पत्रिका से साभार)

सांस्कृतिक वैभव बिना आर्थिक प्रगति अर्थहीन - *शेखावत*

उपराष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत ने कहा है कि यदि हम केवल आर्थिक दृष्टि से आगे बढ़ गए और सांस्कृतक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़ कर अपने संस्कार भूल गए तो हमारा विकास अधूरा रहेगा ।

वरिष्ठ टेलीविजन प्रोड्यूसर बृजेंद्र रेड्डी द्वारा निर्मित टेलीविजन कार्यक्रम 'समय का साक्षी' का अवलोकन करने के पश्चात् उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी और देश के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जिसमें प्रत्येक नागरिक न केवल आर्थिक दृष्टि से सक्षम व आत्मनिर्भर हो बल्कि देश की समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर का वाहक बने ।

इस अवसर पर पूर्व एयरमार्शल अर्जन सिंह, सांसद राजीव शुक्ला जाने-माने साहित्यकाल विष्णु प्रभाकर, अशोक वाजपेयी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।

केन्द्रीय कार्यालय से.....

अमर नाथ डोगरा,
मंत्री, भामसं.

बजट – एक मुखौटा

केन्द्रीय बजट वर्ष २००५-०६ संसद में प्रस्तुत करते समय वित्तमंत्री पी. चिदंबरम के मन में जो भी रहा हो किंतु प्रकटतया इस की प्रस्तुति के प्रति आंतरिक प्रतिबद्धता का अभाव उनके चेहरे पर स्पष्ट देखा जा सकता था । विनिवेश आर्थिक सुधार आदि विषयों को बजट में ज्यादा स्थान नहीं दे पाने के कारण कदाचित् वह असहज हुए हों किंतु बहु राष्ट्रीय एवं देशी कंपनियों को करों में मन माफिक छूट प्रदान करके उन्होंने अपना सहज स्वाभाविक खेल खेला है और परिणामस्वरूप उद्योग जगत व पूंजीशाह गद्‌गद् हैं । शेयर मार्केट में सैन्सैक्स की ऊँची उड़ान इसका प्रमाण है ।

उपरोक्त के बावजूद अगर वित्त मंत्री जी अपनी फुल फार्म में न दिखे हों तो इसका वास्तविक कारण वही जानते होंगे पर हमारा अनुमान है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक व विश्व व्यापार संगठन जिस प्रकार पेटेंट संशोधन अध्यादेश २००४ और इसे ही अब १४ मार्च २००५ को विधेयक के रूप में वाणिज्य मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत करवाने में सफल हुए हैं । इसी प्रकार श्रम कानूनों में सुधार स्वतंत्र आर्थिक क्षेत्र निर्माण और अन्य अनेक संबंधित सुविधाओं का प्रावधान किए जाने की अपेक्षा वह वित्त मंत्री जी से भी चाहते होंगे और वित्त मंत्री जी स्वयं भी इसी प्रकार की अर्थ रचना अपने बजट द्वारा करना चाहते होंगे पर गठबंधन की सरकार के चलते कर नहीं पाए । अतः बजट प्रस्तुत करते समय अपनी पूरी रंगत में नहीं रह पाए ।

सच्चाई मगर यह है कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े दीन, हीन, निर्धन जन को ध्यान में रख कर आज तक कोई भी बजट कभी प्रस्तुत नहीं किया गया । बजट प्रचारित तो साधारण जन के नाम पर होता है किंतु सुविधाओं के प्रावधान समाज के उच्च वर्ग के लिए होते हैं । स्वतंत्रता के पश्चात् अमीर और अमीर व गरीब और गरीब हुआ है क्योंकि बजट वास्तव में उच्च वर्गीय केवल २० प्रतिशत जनता के लिए होता है शेष ८० प्रतिशत अभावग्रस्त, भुखमरी, अशिक्षा व रोगग्रस्त जनता के लिए वायदों के छलावों के अतिरिक्त बजट में कुछ नहीं होता ।

बजट भाषण में वित्त मंत्री जी ने भारत निर्माण अथवा 'भारत बनाओ' परियोजना का उल्लेख किया है जिसके अंतर्गत ढांचागत् सुविधाओं यथा सड़क बिजली, पेयजल व कृषीआदि के लिए प्रावधान किए गए हैं । ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अनेक घोषणाएं की गई हैं किंतु घोषणाएं तो १९७१ में 'गरीबी हटाओ' के अंतर्गत भी बहुत की गई थी । परिणाम हमारे सामने है । गरीबी यथावत् है पर उद्‌घोषक उपरोक्त नारे की नाव पर बैठकर सत्ता सुख की वैतरणी आराम से पार कर गए । उसी परंपरा में 'भारत बनाओ' नाम से काठ की हांडी फिर चढ़ा दी गई है पर जनता अब जागरूक है और किसी छलावे में आने वाली नहीं है ।

केन्द्र की सरकार न्यूनतम सांझा कार्यक्रम के आधार पर चल रही है और इस कार्यक्रम के जनक वामपंथी दल हैं । वामपंथी दल और उनके श्रम संगठन एक मेक ही होते हैं अतः वामपंथी श्रम संघों से हम जानना चाहते हैं कि आयात पर कस्टम ड्यूटी घटाते समय निर्यात का ध्यान क्यों नहीं रखा गया । उद्योगों को करों, उत्पाद शुल्क आदि में राहत प्रदान की गई किंतु कामगारों को प्राप्त स्टैण्डर्ड डिडक्शन्ज की राहत छीन ली गई । भविष्य निधि ब्याज दर बढ़ोत्तरी (९.५%) को हरी झंडी नहीं दिखाई गई । बोनस पर सीलिंग नहीं हटाई गई । छठे वेतन आयोग गठन की घोषणा नहीं की गई । आयकर सीमा दो लाख नहीं की गई । एक लाख तक सीमा बढ़ाई गई किंतु मानक कटौती विशेषकर बीमा व भविष्य निधि जमा राशि प्राप्त राहत वापिस लेकर आयकर सीमा बढ़ोत्तरी के लाभ को निरस्त कर दिया गया । डीजल व पैट्रोल पर सैस लगा देने के कारण उपभोक्ता एवं अन्य इंस्तेमाल की सभी वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे । मंहगाई पहिले ही आसमान छू रही है, उसमें और वृद्धि होगी । मंहगाई को काबू करने का कोई कदम उठाया नहीं गया है । विदेशी निवेश के लिए दूरसंचार, बीमा, बैंक, उड्डयन व निर्माण आदि क्षेत्र तो खोले जा चुके थे । अब उत्खनन एवं व्यापार आदि भी खोल दिए गए हैं । प्रकारांतर और कालांतर से अन्य अनेक क्षेत्र भी देर सवेर खोल दिए जाएंगे । स्पष्टतया विश्व व्यापार संगठन का दबाव इसमें काम करता हुआ दिखाई देता है किंतु हमारे वामपंथी दोस्त किस दबाव के तहत इस हकीकत की अनदेखी कर रहे हैं ।

बजट की बहार तो लूटेंगे नव धनाढ्य व उच्च वर्ग और मार खाएगा निर्धन वर्ग । इसका स्पष्ट प्रमाण है वह प्रावधान जिसके तहत एक दिन में १०,०००/- की राशि बैंक से निकलवाने पर १०/- का टैक्स भरना पड़ेगा । इसकी सीधी मार छोटे खाताधारियों पर पड़ेगी । जमा ब्याज दर में बढ़ोत्तरी की कुछ क्षीण से अपेक्षा की जा रही थी उसमें बढ़ोत्तरी नहीं हुई, फलस्वरूप लघु बचत प्रवृत्ति का हतोत्साहन ही होगा ।

रोजगार सृजन की थोथी घोषणाएं हैं । एक अनुमान के अनुसार असंगठित क्षेत्र में ही लगभग २२ करोड़ बेरोजगार हैं । शहरी क्षेत्रों में लगभग चार करोड़ रोज़गार केन्द्रों में पंजीकृत हैं । पचास बड़े नगरों में ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग दो करोड़ युवा रोजगार की तलाश में झुग्गी, झोपड़ी, बस्तियों में रह रहे हैं । इन सबके लिए रोजगार का प्रबंध कैसे होगा । केवल वस्त्रोद्योग को पुर्नजीवित या पुर्नगठित कर देने से

करोड़ों लोगों को रोजगार देने की क्षमता

शेष पृष्ठ १० पर

आर्थिक नीतियों के विरूद्ध आवाज उठाना आवश्यक - *चन्द्रशेखर पूर्व प्रधनमंत्री*

WTO की बैठकों से लौटने के बाद हमारे मंत्रिगण देश को समझाते हैं कि उन्होंने कितने परिश्रम से देश के हितों की रक्षा की । हो सकता है कि वे प्रामाणिकता से इसके लिए प्रयास करते भी हों किंतु परिणाम तो उलटा ही दिखाई देता है । करोड़ों रोजगार छीनने वाली उदारीकरण की त्रासदी से देश अभि उबरा भी नहीं था कि पेटेंट के नये फंदे में फंसकर कुटिर और लघु उद्योगों से रोजी कमाने वाले करोड़ों-२ लोगों को भूखे मारने का षड़यंत्र रचा जा रहा है । पेटेंट संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जो आश्वासन आज के रक्षामंत्री (तत्कालीन वाणिज्य मंत्री) प्रणव मुखर्जी देकर आये थे उनका परिणाम हमारे सामने है । १६७० के पेटेंट कानून को आमूल-चूल बदलकर हम ऐसे जाल में फंस रहे हैं जो हमें हमारी हजारों वर्षों से संजोयी प्राकृतिक संपदा को दूसरे के हाथ में देने को विवश कर देगा । हमारे देश के मूर्धन्य वैज्ञानिक यह मांग कर रहे हैं कि पेटेंट कानूनों में इसकी व्यवस्था की जाए कि किसी उत्पाद के स्रोत को सुरक्षित रखने वाले को भी लाभ मिले परंतु विदेशी सरकारें इस पर सहमत नहीं हो रही हैं । प्रक्रिया और उत्पादन दोनों का ही पेटेंट औषधियों के दाम में अत्याधिक वृद्धि करेगा । इस पर सभी एकमत हैं । फिर हम क्यों इतने उतावले हैं कि संसद में पेटेंट बिल-२००३ के लंबित रहते हुए भी नये अध्यादेश लाने के लिए विवश हुए ? यह जानते हुए भी कि हमें इस समस्या से निपटना पड़ेगा । हमने विभिन्न क्षेत्रों में शोध की दिशा में क्या काम किया ? वर्तमान की राजनीति में उलझे राजनीतिज्ञों से तो यह आशा करना कि वे इन दूरगामी नीतियों पर विचार करेंगे एक मृगतृष्णा ही है, परंतु जो लोग अपने को देश के उज्जवल भविष्य का राजनेता समझते हैं उन्होंने इसकी अभी तक क्यों उपेक्षा की ।

बहुत पहले चाणक्य ने कहा था कि अर्थनीति ही राजनीति का आधार है । आज भी वह अक्षरशः सत्य है । यह अर्थनीति किन के हित में काम करेगी यही आज की राजनीति का मुख्य मुद्दा है । जो लोग या जो दल जनोन्मुखी राजनीति करना चाहते हैं या करने का दावा करते हैं उन्हें बिना सोचे-समझे आरंभ की गई इन नीतियों के विरूद्ध एकजुट होकर अविलंब आवाज उठाने की आवश्यकता है ।

डा. कलाम का देश के शासकों से पेटेंट आलेखों के संरक्षण का आग्रह

भारत के राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने भारत के वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि भारत की समृद्ध बौद्धिक संपदा अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए वे आगे आयें और नवीनतम तकनीकी का उपयोग कर ऐतिहासिक साक्ष्यों की रक्षा में प्रमुख भूमिका निभाएं । उन्होंने स्मरण दिलाया कि भारत को पूर्व में बासमती, नीम और हल्दी जैसे पारम्परिक प्राकृतिक संपदाओं की रक्षा हेतु अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में गुहार लगानी पड़ी थी । ऐसी समस्याएं भविष्य में बढ़ने वाली हैं । इस दृष्टि से अपने देश में ही परंपरागत् ज्ञान पद्धति, बीज औषधीय पौधे एवं खाद्यान्न के अतिरिक्त विशाल प्राकृतिक संपदाओं का प्रमाणिक आलेखीकरण एवं उसके आंकड़े एकत्रित करने होंगे और इन महत्वपूर्ण आलेखों की सुरक्षा का भार कृषि मंत्रालय के अधीन कृषि संग्रहालय को संभालना चाहिए । उन्होंने कहा कि विज्ञान भारत के किसानों के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है । WTO में किसानों के हितों की रक्षा हेतु भारतीय कृषि वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु तैयार रहना चाहिए ।

जानने योग्य तथ्य

- शिक्षा को रचनात्मक बनाना समय की मांग है
  - राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
- वर्तमान समय में हस्तशिल्प उद्योग को अधिक से अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, क्योंकि हमारे ऐसे कुशल हस्तशिल्पी हैं तो विश्व स्तर पर पहचान बना सकते हैं
  - भैरो सिंह शेहरावत, उपराष्ट्रपति
- हैदराबाद के वैज्ञानिकों ने बैलगाड़ी के चलाने से एक कृषक परिवार के लिये आवश्यक दैनिक बिजली उत्पादन करने में सफलता प्राप्त कर ली है
  - वैज्ञानिक, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

अभि तक हुए पेटेंटों का 'अंकटाड' सर्वेक्षण

- 'अंकटाड' द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार ५-विकसित राष्ट्रों के नागरिकों के पास विश्वभर के ६५.६%, समाजवादी यूरोपीय राष्ट्रों के पास ३.४%, दक्षिण यूरोप के पास ०.४% और विकासशील देशों के पास मात्र ०.६% पेटेंट हैं
- नाइजीरिया जैसे देश में तो दिये गये पेटेटों में से ६८.५% विदेशियों के पास हैं जिनमें से ७७% अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के पास हैं
- प्रायः विकासशील देशों में भी लगभग ८०% तक पेटेंट विकसित राष्ट्रों के नागरिकों अथवा बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा ही प्रस्तुत किये जाते हैं
- पेटेंट प्राप्ति के लिये अमरीकी निगमों को प्रायः २५ करोड़ डालर खर्च करने पड़ते हैं
- प्रख्यात कीथ मास्कस के अनुसार अमरीका को पेटेंट की रायलटी की आय ही अनमानतः २५ बिलियन डालन वार्षिक है
- वस्तुतः पेटेंट व्यवस्था अमरीकी लूट का एक कानूनी तरीका है ।

सर्वोच्च शासक की आदर्श-प्रियता प्रत्येक व्यक्ति के

पुण्य स्मरण

साम्प्रदायिक सौहार्द्य के अमर बलिदानी गणेश शंकर विद्यार्थी

इलाहाबाद के अतरसुइया मुहल्ले में अपने नाना सहायक जेलर सूरज प्रसाद के घर जन्मे गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी तपः स्थली कानपुर में ही २५ मार्च १६३० को हिन्दू मुस्लिम सौहर्द्य अक्षुणन बनाये रखने के लिये पहला बलिदान देकर इस नगरी को गौरव प्रदान किया है ।

'सर्वपंथ समादर मंच' प्रतिवर्ष गणेश शंकर विद्यार्थी बलिदान दिवस २५ मार्च को देशभर में धूम-धाम से मनाकर साम्प्रदायिक सौहार्दय के सूत्र को सुदृढ़ बनाने में प्रयासरत् है । इस अवसर पर विद्यार्थी जी की संपूर्ण जीवन झांकी हम सभी के लिये निश्चय ही प्रेरणादायी रहेगी । इनके पुरखा 'हथगांव' जनपद फतेहपुर के निवासी थे किंतु जीवन यापन के लिये उनके पिता ज्योतिष के विद्वान जय नारायण अध्यापक बनकर ज्योतिष का धंधा म.प्र. के 'गंगवली' कस्बे, गुना जनपद में करने लगे तथा पुत्र गणेश को स्थानीय एंग्ले वर्नैक्यूलर स्कूल में प्रवेश दिलवा दिया । बाद में अपने बड़े भाई के पास कानपुर आकर क्राइस्ट चर्च कालेज से १०वीं परीक्षा इन्होंने पास कर ली । तदंतर इलाहाबाद आकर इन्टर में प्रवेश तो ले लिया किंतु पढ़ाई बीच में छोड़कर 'हरवंश पुर' जनपद इलाहाबाद में कुमारी चन्द्र प्रकाश के साथ उन्हें विवाह सूत्र में बंधना पड़ा । तभी से विद्यार्थी जी का लेखन कार्य प्रारंभ हुआ एवं नौकरी के लिये पुनः भाई के पास कानपुर आ गये । १६०८ में रिज़र्व बैंक के क्रेंसी विभाग में ३० रू. मासिक की नौकरी तो मिल गई किंतु इसे छोड़ १६०६ में पी. पी. एन. हाईस्कूल में अध्यापन कार्य लग पड़े । इसे भी अधिक समय नहीं किया । बाद में इलाहाबाद में 'सरस्वती' एवं 'अभ्युदय' पत्रों के संपादन में भी काम किया किंतु कुछ समय बाद अस्वस्थ होकर पुनः कानपुर लौट आये और यहां से आपने १६ नवं. १६१८ से नये साप्ताहिक पत्र 'प्रताप' का प्रकाशन प्रारंभ कर दिया ।

'प्रताप' को बेजोड़ प्रकाशन बनाने के लिये विद्यार्थी जी को कम्पोजिंग, मशीन छपाई एवं पत्रिका के बाह्य वितरण तक में स्वयं को खपाना पड़ा । परिणाम स्वरूप पत्रिका की दिनोंदिन बढ़ती लोकप्रियता से अंग्रेजी शासक के पांव लड़खड़ाने लगे । १६२० से जैसे ही 'प्रताप' साप्ताहिक से दैनिक हुआ तो प्रशासन ने प्रकाशन के सातित्य में बाधा डालने के उद्देश्य से विद्यार्थी जी को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेज दिया और भारी आर्थिक दंड भुगतान करने पर भी विवश कर दिया ।

समझौता करने की बजाये विद्यार्थी जी का स्वर अधिक प्रखर होने लगा । स्वाधीनता आंदोलन में विद्यार्थी जी की प्रतिभागिता निर्भीकता से होती थी । क्रांतिकारियों की सहायता, उनके परिवारों का भरण पोषण और स्वयं उनके समान ही आंदोलन करने में सदैव अग्रसर वे रहते रहे थे । शहीद भगत सिंह की योजना पूर्णरूपेण सफल हो इस दृष्टि से उन्हें अपने पास रखकर सभी प्रकार की सहायता प्रदान करते रहने वाले थे हमारे गौरव गणेश शंकर विद्यार्थी ।

'विश्वकर्मा संकेत' अंग्रेजी/हिन्दी मासिक पत्रिका
स्वामित्व एवं अन्य ब्यौरा (फार्म-४, ब्यौरा-८)

१.	प्रकाशन का स्थान	: राम नरेश भवन, तिलक गली, पहाड़ गंज, नई दिल्ली - ५५
२.	प्रकाशन की अवधि	: मासिक
३.	मुद्रक का नाम	: मै. जुपिटर प्रिंटर्स, १३६-बी, ईस्ट मोती बाग, सराय रोहिल्ला, दिल्ली - ७
४.	प्रकाशक का नाम	: उदय पटवर्धन, राम नरेश भवन, तिलक गली, पहाड़ गंज, नई दिल्ली - ५५
५.	सम्पादक का नाम	: प्रेम नाथ शर्मा, राम नरेश भवन, तिलक गली, पहाड़ गंज, नई दिल्ली - ५५
६.	नागरिकता	: भारतीय
७.	स्वामित्व	: भारतीय मजदूर संघ, राम नरेश भवन, तिलक गली, पहाड़ गंज, नई दिल्ली - ५५

मैं उदय पटवर्धन घोषित करता हूं कि उपर्युक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है ।

दिनांक १.३.२००५ हस्ता./-
उदय पटवर्धन

न्यायालय निर्णय

उद्योग बंदी की राज्य सरकार से पूर्व अनुमति आवश्यक

औद्योगिक संबंधों पर संभवतः प्रभाव डालने वाले एक महत्वपूर्ण निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी औद्योगिक इकाई को राज्य सरकार की पूर्व अनुमति के बिना बंद नहीं किया जा सकता, भले ही उसका प्रबंधन और कर्मचारी यूनियन उस संबंध में कोई समझौता ही क्यों न कर लें ।

न्यायमूर्ति एन. संतोष हेगड़े और न्यायमूर्ति एस.बी. सिन्हा की उच्चतम न्यायालय खंड पीठ ने कहा कि औद्योगिक विवाद कानून की धारा-२५ एन और २५ओ में स्पष्ट उल्लेख है कि जो भी नियोक्ता औद्योगिक इकाई को बंद करना चाहता है या फिर कर्मचारियों की छंटनी करना चाहता है, उसे ऐसा पग उठाने के कम से कम ६० दिन पहले राज्य सरकार से अनुमत प्राप्त करनी होगी ।

दिहाड़ी मजदूर को नियमितीकरण का अधिकारी नहीं

नौकरी के नियमितीकरण के अधिकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एन. संतोष हेगड़े व के. एन. सिन्हा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी स्कीम के तहत कोई श्रमिक दिहाड़ी वेतन के आधार पर नियुक्त किया जाता है तो उसे सेवा के नियमितीकरण के लिए कोई वैधानिक अधिकार नहीं होता है । न्यायालय ने अपनी महत्वपूर्ण व्यवस्था में कहा है कि यदि श्रमिक की नियमानुसार नियुक्ति नहीं होती है, तो एक वर्ष में २४० दिन लगातार कार्य करने के आधार पर उसकी सेवा नियमित करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता ।

निर्माण मजदूरों को म.प्र. में ५० से ४५० रु. मासिक छात्रवृत्ति

म.प्र. श्रममंत्री हरनाम सिंह राठौर ने निर्माण श्रमिकों के दो बच्चों अथवा पत्नि सहित एक बच्चे को शिक्षा स्तर के अनुसार ५० रू. से ४५० रू. मासिक छात्रवृत्ति देने की घोषणा की है । छात्राओं को छात्र से ५० रू. अधिक मिलेगा । गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित रही ३५ वर्ष से कम आयु की जो श्रमिक पत्नि किसी शिक्षण संस्था की नियमित छात्रा हो वह भी इस सुविधा की अधिकारी होगी । वार्षिक ३-किश्तों में छात्रवृत्ति का भुगतान अक्तूबर, जनवरी एवं जुलाई मास में किया जायेगा । अपंग छात्रवृत्ति का लाभ पाने वाले विकलांग छात्रों को भी नियमानुसार इस छात्रवृत्ति का लाभ दिया जायेगा ।

(म.प्र. श्रम कल्याण मासिक पत्रिका)

भारत ने अमरीकी अधिकारी की नियुक्ति को स्वीकारा

अमरीका द्वारा दी जाने वाली संवेदनशील उच्च प्रोद्योगिकी के प्रयोग पर देखरेख रखने के लिये भारत सरकार ने अमरीकी अधिकारी की नियुक्ति को स्वीकार कर लिया है । भारत-अमरीका उच्च प्रोद्योगिकी सहयोग समूह की समीक्षा बैठक के बाद भारत यात्रा पर आये अमरीकी वाणिज्य उपमंत्री केनेथ जस्टर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि 'इस नियुक्ति को गंभीरता से लेने से बचना चाहिए' ।

गत २-वर्षों में गुजरात रोजगार सृजन में प्रथम

श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित वार्षि विवरण के अनुसार सार्व. एवं निजि क्षेत्र में मार्च से अक्तू. २००४ के मध्य मात्र ८-मास में १-लाख, ३२-हजार ७१-बेरोजगारों को सर्वाधिक गुजरात राज्य में नौकरी मिली है । इस बीच उद्योगिक घरानों के सहयोग से उद्योगिक भर्ती मेलों के आयोजन से १-लाख, ३२-हजार, ३-सौ ५०-लोगों को रोजगार मिला । इसमें सरकारी व सेना में मिले रोजगार शामिल नहीं हैं । राज्य के सभी २५-जिलों में सरकार ने जी-स्वान इन्फोर्मेशन टैक्नोलाजी नैटवर्क पर आधारित आन लाइन कनेक्टिविटी वाली प्रशिक्षण रोजगार नियामक की विशेष वेबसाइट चालू कर रखी है जिससे बेरोजगारों का आनलाईन पंजीकरण और डेटाबेसका दैनिक नवीनीकरण होता है । जिससे सार्व. व निजि उपक्रमों से बेरोजगारों का जीवंत सेतु स्थापित हो जाता है । रोजगार उन्मुख युवको को प्रेरित व प्रशिक्षित करने की राज्य ने प्रभावी व्यवस्था की है । गत् ३-वर्षों में सेना की भर्ती भी ३-गुना बढ़ी है । वर्तमान की उद्योगिक कुशलता के अनुरूप छात्रों के योग्य प्रशिक्षण हेतु विद्यालयों एवं उद्योग गृहों का एक मंच स्थापित करने और स्कूल टू स्किल योजना भी राज्य सरकार ने चालु कर दी है ।

अमरीकी अक्षत उपग्रह – भारतीय प्रतिभा का सम्मान

भारत के जयपुर वासी एक प्रतिभाशाली छात्र अक्षत सिंघल के नाम पर आकाशीय एक उपग्रह का नाम १२५७७ 'सिंघल' रखकर अमेरिका के मैस्यूच्चुस्टेट इन्स्टीच्यूट ऑफ टेकनोलॉजी (एम.आई.टी.) तथा लिंकन लेबोरेट्री ने इस प्रतिभावान् छात्र को सम्मानित किया है । इस होनहार अक्षत ने अमेरिका में आयोजित इन्टरनैशनल सांयस के नाम पर एक इंजीनियरिंग मेले में साफ्टवेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था । इस छात्र के नाम से जाना जाने वाला उपग्रह ब्रह्मांड के मंगल एवं बृहस्पति के बीच में स्थित है । यह सचमुच हम भारतीयों के लिए गौरव की बात है ।

जल संयंत्र से सस्ते बिजली उत्पादन यंत्र को पेटेंट मिला

अहमदाबाद निवासी घनश्याम भाई पटेल के अविष्कृत यंत्र से २३१ कि.मी. गुजरात में निरंतर बहने वाले नर्मदा जल प्रवाह से ३० हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा । यह प्रदूषण रहित एवं खर्चा मात्र १.५० रू. प्रति यूनिट होगा । इतना ही नहीं तो गुजरात के १६-सौ कि.मी. तक फैले समुद्री तट पर भी इस यंत्र द्वारा ६०-७० हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा । भारत सरकार के पेटेंट विभाग ने इसे पेटेंट प्रदान कर दिया है । इस यंत्र का कार्यकाल ३० से ५० वर्ष तक का हो सकता है । समुद्र में तैरते हुए जहाज के समान स्थापित यह विद्युत उत्पादन यंत्र समुद्री लहरों के बल से निरंतर बिजली उत्पादन कर सकता है । यंत्र की देखरेख के अतिरिक्त अन्य मानवीय सहायता इसमें नहीं लगती । अमरीका व अन्य २४-यूरोपीय देशों में भी पेटेंट मिलने की संभावना है । जल प्रवाह यंत्र के प्लेयर धक्के से यंत्र चलने लगता है, इसीसे अंदर का ही क्रियेशन गेयर ७५० से ३-हजार चक्कर प्रतिमिनट की गति से चलने लगता है जिससे विद्युत उत्पन्न होने लगती है । इसमें न तो बांध ही बांधने पड़ते हैं और न ही बस्तियों को उजाड़ना पड़ता है । कई प्रदेशों ने इस यंत्र में रूचि दिखाई है ।

भारतीय मजदूर संघ ने आर्थिक सहायता नकारी

'चायना फैडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियनस' द्वारा सुनामी पीड़ित सहायतार्थ भारतीय मजदूर संघ को देने हेतु नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास को भेजी ५०-लाख रू. की सहायता राशि के आग्रह को धन्यवाद सहित यह कहते हुए लेने से नकार दिया है कि हम अपने देशवासियों की सहायता करने में स्वयं सक्षम हैं ।

ILO अनुदान से बाल श्रमिक विकास का प्रस्ताव

अन्य गरीब देशों के समान भारत में भी वर्षो से बड़े श्रम संघों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा कर ILO बाल श्रमिक विकास कार्यक्रम आयोजित करवाता आ रहा है इसी क्रम में इस वर्ष भारतीय मजदूर संघ को भी २८-लाख रू. देने के ILO प्रस्ताव को भी लेने से यह कहते हुए नकार दिया है कि संगठन की नीति आर्थिक सहायता लेकर किसी प्रकार के भी कार्यक्रम आयोजित करने की नहीं है, संगठन, मजदूर हित में केवल सहायक हो सकता है ।

बायें से दायें : आनंदी लाल जोशी, मांगी लाल पोरवाल, एस. एन. देशपांडेय, के. जी गोस्वामी, अख्तर हुसैन, सुंदर सिंह शक्रवार एवं सम्मानित केशव लाल गुप्ता

केशव लाल गुप्ता बिजली बोर्ड से सेवा निवृत्त, भामसं. से नहीं

• **उज्जैन :** ३४वर्षीय सेवा निवृत्ति के अवसर पर, संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता श्री केशव लाल गुप्ता द्वारा श्रमिक क्षेत्र की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए समारोह के अध्यक्ष म.प्र. के श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष श्री सुन्दर सिंह शक्रवार ने कहा कि वे विद्युत मंडल से निवृत्त हो रहे हैं किंतु भारतीय मजदूर संघ एवं विद्युत कर्मचारी महासंघ से नहीं अतः अब वे अपनी संपूर्ण शक्ति मजदूर कल्याण के लिये लगा सकेंगे । इसी प्रकार के उद्‌गार प्रकट करने वालों में महापौर श्री मदन लाल ललावत, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री मोहन लाल यादव, मुख्य अभियंता श्री के. जी. गोस्वामी के अतिरिक्त प्रदेश तथा महासंघ पदाधिकारी सर्वश्री मांगी लाल पोरवाल, भगवान दास गौंडाने, सुरेश शर्मा, एस. एन. देशपांडेय व अख्तर हुसैन मुख्य थे । भारी संख्या में प्रशंसक समारोह में उपस्थित रहे ।

बायें से उमाशंकर गुप्त, कप्तान सिंह, मु. मंत्री बाबू लाल गौर, वामनराव खेडकर एवं चेतन आर. देसाई

परिवहन महासंघ की म.प्र. मुख्यमंत्री से गुहार

• **भोपाल :** वर्षों तक लाभ अर्जित करने वाला म.प्र. राज्य परिवहन आज प्रशासनिक अव्यवस्था से पनपे भ्रष्टाचार के कारण घाटे का उद्योग बनकर बंदी के कगार पर पहुंच गया है । ११ हजार निगम कर्मचारियों को राज्य सरकार VRS देकर इस उद्योग का निजिकरण करने जा रही है ।

इसके विरोध में भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ अध्यक्ष श्री वामन खेड़कर के नेतृत्व में २०-सदस्यीय एक प्रतिनिधि मंडल ने श्री बाबू लाल गौर मु.मंत्री से भेंट कर, प्रशासनिक दोष का दंड कर्मचारियों को दिये जाने के दुष्परिणामो से अवगत करवाया ।

एक घंटा चली वार्ता के बाद मु.मंत्री ने जांच दल गठित करने एवं रिपोर्ट मिलने तक राज्य परिवहन निगम की बंदी के निर्णय को निरस्त रखने का आश्वासन दिलाया । शिष्ट मंडल में भामसं. मंत्री श्री के. लक्ष्मा रैड्डी एवं महासंघ महामंत्री श्री चेतन देसाई मुख्य थे ।

नाम गुप्त रखने की शर्त पर आंगनवाड़ी बहनों ने व्यथा सुनाई

• **कोटा :** कोटा संभाग के सभी १० जिलों से एक हजार से अधिक आंगनवाड़ी बहिनों ने ४-घंटे की बजाये १२-घंटे काम करवाने, सुविधायें उपलब्ध करवाने के नाम पर ठेंगा दिखाने, १०-नसबंदी का लक्ष्य पूर्ण नहीं करने पर वेतन कटौती व नौकरी से हटाने तक का भय दिखाने, एम.ए.वी.एस. शिक्षित कर्मचारी तक को १५-वर्षीय सेवा काल में भी पर्यवेक्षक तक भी पदोन्नत नहीं करने, आंगनवाड़ी भवन किराया तक समय पर भुगतान न करने जैसे अकल्पनीय आघातों को वर्षों तक सहने पर भी निलंबन के भय से नाम गुप्त रखने के आश्वासन पर प्रतिभागी बनी कुछ बहनों ने सहमे-२ अपनी करूण कथा का बखान किया ।

अधि. का विहंगम दृश्य

मु. अतिथि संसदीय सचिव ओम बिरला ने पसीज कर, वेतन वृद्धि एवं अन्य न्यायोचित मांगो के लिये कमेटी गठित करने का आश्वासन दिलाया । दो दिवसीय इस अधि. का उद्‌घाटन संगठन मंत्री श्री ओम प्रकाश अग्घी ने किया । अन्य संबोधन करने वालों में सांसद श्री रघुवीर सिंह कौशल, महासंघ महामंत्री सुश्री सुचित्रा महापात्र एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती शशी शर्मा मुख्य थे । सरकार से की गई मांगों में ५८ वर्षीय आयु होने पर सेवा निवृत्ति के अवसर पर आंगनबाड़ी कर्मियों को १-लाख रू. देने का भी आग्रह किया गया है । नगर में अनुशाषित भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई ।

'भेल' पूंजी विनिवेश विरोधी ज्ञापन राष्ट्रपति को

• **भोपाल :** राष्ट्र के कुल विद्युत उत्पादन का ७०% करने वाला, वर्ष ७२ से निरंतर लाभ अर्जित करने के साथ-२ विभिन्न सामाजिक दायित्वों के निर्वाहन करने वाला यहां तक कि अभि

शेष पृष्ठ १० पर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस ८ मार्च

सर्वप्रथम १९०९ में अमरीका ने मनाया

महिलाओं को अधिकार मिले, इसके पहले उन्हें अपने लिए एक विशिष्ट दिन मिलना चाहिए । सबसे पहले वर्ष १६०६ में अमरीका में राष्ट्रीय महिला दिवस दर्ज किया गया । इसके एक वर्ष बाद, कोपनहेगन में एक बैठक में, महिला दिवस की स्थापना हुई, जिससे 'महिला अधिकारों के अभियान को सम्मान प्राप्त हो तथा उन्हें सार्वभौमिक मताधिकार प्राप्त होने में सहायता मिले ।' इसके एक वर्ष पश्चात्, १६११ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (IWD) पहली बार यूरोप भर में मनाया गया, जिसमें काम के अधिकार, व्यवसायिक प्रशिक्षण व भेदभाव समाप्त किये जाने की मांग की गयी ।

१६११ की घटना पर इसके संयोजकों ने गंभीर टिप्पणियां कीं, इनमें से एक एलेक्सेण्ड्रा कोलोनताई ने कहा, इस दिवस ने 'सभी की अपेक्षाओं को बढ़ाया है । जर्मनी और आस्ट्रिया ... आंदोलित हो रहे हैं, महिलाओं का समुद्र आलोड़ित हो रहा है । सभी स्थानों पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, छोटे नगरों और गावों तक में महिलाओं की उपस्थिति अपेक्षा से कहीं अधिक रही, यहां तक कि आयोजित गोष्ठियों में पुरूष सदस्यों को महिलाओं के लिए स्थान छोड़ना पड़ता रहा । बदले इस परिदृश्य में पत्नियों के स्थान पर पुरूषों को बच्चों सहित घर की देखभाल करते रहना पड़ा जबकि महिलायें कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर शामिल होती रहीं ।

१६१७ में कोलोनताई और जर्मन सोशलिस्ट क्लारा जैटाकिन, दोनों ने सेंट पीटर्सबर्ग में ८-मार्च को आयोजित पहले IWD में भाग लिया । नई सोवियत सरकार की मंत्री होने के नाते कोलोनताई ने लेनिन पर दबाव बनाया कि 'ओजस्वी महिला श्रमिकों' का सम्मान करते हुए ८-मार्च को सरकारी कम्यूनिस्ट अवकाश के रूप में मनाया जाये । फलतः इस दिन को मान्यता मिलती गयी । विश्व में इस दिन आंदोलन किये जाने लगे । दिसं. ७७ को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'महिला अधिकारों व अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए एक संयुक्त राष्ट्र दिवस घोषित करने हेतु' सदस्य देशों को आमंत्रित करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया ।

आज विश्व भर में IWD के उपलक्ष्य में पद यात्रा एवं रैलियां आयोजित की जाती हैं । वर्ष १६०६ में हुआन सोमाविया के ILO महानिदेशक पद संभालने के पश्चात् ILO ने भी इसे उत्साह पूर्वक मनाया प्रारंभ कर दिया । श्री सोमाविया ने IWD संचालन निकाय का विशेष सत्र बुलाया और इस बात का संकल्प लिया कि संगठन स्त्री-पुरूष मुद्दों पर अपने प्रयासों की 'गति बढ़ाएगा' तथा ILO द्वारा कैलेंडर में ८-मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया । तब से विश्व विख्यात कई महानुभवों के समर्थन से अपने मानवाधिकारों के लिए आगे बढ़ती महिलाओं का स्वर - सब दूर अधिक गुजायमान हुआ है ।

(ILO पत्रिका श्रम की दुनिया से साभार)

पृष्ठ ५ का शेष...

है क्या । गत् बजट जुलाई ०४ से दिसंबर ०४ तक केवल १-लाख ३-हजार बेरोजगार युवाओं को सरकार रोजगार उपलब्ध करा सकी है और इस रफ्तार से आगामी सौ वर्ष में कदाचित् डेढ़-दो करोड़ रोजगार ही उपलब्ध हो सकेंगे । ऐसी स्थिति में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले प्रत्येक परिवार में एक बेरोजगार को वर्ष में सौ दिन रोजगार की गारंटी जख्म पर नमक छिड़कने के समान है । करीब ३५-करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे याने ७-करोड़ परिवार अर्थात् ७-करोड़ रोजगार उपलब्ध होने चाहिए । कहां से आएंगे ।

एक मोटे अनुमान के अनुसार ६०-हजार करोड़ की धन राशि काले धन के नाते चल रही है उसे निकालने की तरकीब, उपरोक्त १०/- टैक्स वाली स्कीम कदापि नहीं हो सकती किंतु वित्त मंत्री जी ने इस ओर आंख मूंद ली । भ्रष्टाचार रूकने की बजाए बढ़ेगा । यथा आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या बढ़ा दी जाएगी और बच्चों को दिए जाने वाले आहार की मात्रा व गुणवत्ता भी बढ़ाई जाएगी । किंतु आंगनवाड़ी कर्मी जिसका वेतन मात्र ५-सौ व १-हजार रूपए है उसमें एक पैसा भी बढ़ोत्तरी नहीं की गई । आहार की खरीद में पहिले ही कमीशन के चलते घटिया सामान खरीदा जाता है अब करीब ६८ हजार केन्द्र और खोले जाएंगे अतः खरीददारी बढ़ जाएगी, तद्नुसार कमीशन व

पृष्ठ ६ का शेष... तक की सभी अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला विश्व का बेजोड़ उद्योग जिसमें उच्चतम गुणवत्ता और समयबद्ध आपूर्ति के कारण बड़ी मात्रा में कार्य आदेश (Work Orders) पर अभी भी दिन-रात कार्य चल रहा है, ऐसे बिजली उत्पादन की भारी मशीनरी बनाने वाले देश के गौरव स्वरूप उद्योग 'भेल' के १०% विनिवेश के प्रस्तावित सरकारी प्रस्ताव ने न केवल कर्मचारियों बल्कि सभी देशवासियों को अचंभे में डाल दिया है ।

इसके विरोध में हैवी इलैक्ट्रिकल्स वर्कर्स (भामसं.) यूनियन पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उद्योग में कार्यरत सभी ५-हजारों कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन राज्यपाल म.प्र. को प्रस्तुत किया है जिसे उन्होंने अपनी टीप से साथ महामहिम राष्ट्रपति जी को प्रेषित कर दिया है ।

भ्रष्टाचार भी बढ़ जाएगा । इसी प्रकार अन्य ग्रामीण योजनाओं के कार्यान्वयन के बावजूद वित्त मंत्री जी की ईमानदारी व नेक नियती के चूंकि प्रशासन तंत्र भ्रष्टाचार रोग ग्रस्त है अतः भ्रष्टाचार बढ़ेगा और भ्रष्टाचारी चांदी काटेंगे ।

बजट का मुखौटा अतः जैसा भी हो किंतु इसके नीचे निर्धनता से जर्जर चेहरे की कुरूपता, सामाजिक विसंगतियों तथा विषमताओं को कारी कागजी घोषणाओं से ढांपा तो जा सकता है पर समाप्त नहीं किया जा सकता ।

VISHWAKARMA SANKET
ENGLISH SECTION MARCH, 2005

CENTRAL BUDGET 2005-2006

GLIMPSES OF RECOMMENDATIONS

Concessions to Industry : Lolly-Pop to Agriculture/ Denials/Reduction to the salaried workers

INCOME TAX

Rs. 1 Lakh or below	Nil
Rs. 1 Lakh to 1.5 Lakh	10%
Rs. 1.5 Lakh to 2.5 Lakh	20%
Rs. 2.5 Lakh & above	30%

Exemption for Women upto 1.25 lakh
Exemption for Sr. Citizens upto 1.5 lakh

- MINUS

Standard Deduction withdrawn
Rebate under Sec. 88 goes
Sec. 80L removed
30% Tax on fringe benefits

.1% Tax on Withdrawal of Rs. 10,000 on a Single Day

THEY SAY

P. Chidambaram :

"I am concerned about large transactions especially withdrawal of cash... These cash withdrawals leave no trail and presumably become part of the black economy."

A. B. Vajpayee (NDA):

"It is ridiculous. The provision has made the entire budget exercise a laughing matter."

Gurudas Dasgupta (CPI):

"He (Finance Minister) has made a caricature of himself. I oppose the move."

Anand Sharma (Cong.):

"The party will take up the issue with the Govt."

BHARATIYA MAZDOOR SANGH PRESS RELEASE

IT IS STAGNATING BUDGET

New Delhi : The Central Budget for 2005-06 presented in the Parliament today by the Finance Minister Sh. P. Chidambaram has brought big disappointment to the salaried persons who had demanded I.T. exemption upto 2 lac but the demand has not been accepted. Constitution of 6th Pay Commission was another demand which has also not been accepted. Ceiling on bonus has also not been removed. Number of other expectations of employees from the budget have been dashed down.

Price Rise : Additional cess on diesel & fuel will add in price rise. Aparently one cycle of inflation is visible. The prices of consumer goods are alredy at peak and there will be further rise. There is no proposal in the budget to control price hike.

Employment : There is no concrete proposal on employment generation. Past experience of employment guarantee scheme do not build confidence. The progress on 100 days guaranteed job to one jobless person in a family below the poverty line is not known. There is severe doubt in its implementation because machinery below is not sincere.

Direct Taxes : Giving relief to women and senior citizens and other employees upto 1 lac is not beneficial as standard deductions are withdrawn. Saving is also discouraged as there is no increase in interest rate rather there is proposal for investment of savings under insurance and P.F.

There is no mention of unorganized sector and social security etc. The FDI is not the solution of problems to which the country is confronted.

(A.N.DOGRA)
Secretary

CUSTOM DUTY

Slashed from 20% to 15% or less

EXCISE DUTY SLASHED

A/Cs, Tyres, Polyester Yarn, Refind oil, edible oil and Vanaspati.

COST GO DOWN ON

Refrigerators, Cellphones, PCs, Printers, monitors, Imported Garments, Bakery Products, Tea, imitation, Jewellery

Defence spend down in terms of GDP

Left unhappy with

- Rs.6000 Cr increase in Defence budget
- Lowering of corporate tax
- Reduction in Import Duty
- FDI in mining, trade, pension sector
- Low allocation for social securities

Gold Trading

Mutual Funds allowed to trade in gold in units of Rs100. May have major impact on Saving-Investment Profile

Gender Budgeting

Rs. 14,379 Cr earmarked. All deptt asked for gender budgets

Promises Made

- Rural electrification to cover 1.25 lakh villages in five years
- National Highway Development

Amar Singh (SP):

"Anti farmer & anti-people, benefitting urban upper class."

TUs REJECT LIC WAGE HIKE OFFER

Chennai : The Life Insurance Corporation of India has revised its wage hike offer while retaining the mobility and outsourcing options.

During a fresh round of talks held with the unions on Feb. 3, the management proposed an across the board 12 per cent increase in the total wage bill as on August 1, 2002 from the earlier 11 per cent increase.

The offer also have two-parts. One is the wage hike component. The other involves a productivity linked lumpsum incentive (PLLI) on the performance of the LIC. Unions are not amused by the fresh wage hike offer since the offer still falls short of the one given to the bank employees.

The employees at various centers spontaneously held protest demonstrations to condemn management's rigid attitude.

A mammoth gate meeting was held before Yogakshema on 4th February 2005. Sh. Atul Deshpande, General Secretary NOIW, described the offer as ridiculous and most disappointing. He criticized the management for linking the mobility and outsourcing to the wage revision and condemned the management's attitude delaying the wage settlement without any justification. Shri Atul Deshpande demanded a fresh offer forthwith, guaranteed PLLI and wage settlement before 31st March 2005. He opposed mobility and outsourcing and insisted on guaranteed promotion to the employees and recruitment. He appealed the joint front partners to chalk out the programme for action, including strike to force the management for immediate negotiations and final settlement without delay. The meeting was addressed by S/Shri Venu Gopal and Shri Mishra also.

ICF GOLDEN JUBILEE YEAR NO CONSIDERATION FOR EMPLOYEES

- **Stop Out-sourcing**
- **Drop DAR case be as goodwill**
- **One Addl increment to Employees**
- **Ist Class Privilege Passes during the year**

Chennai : The ICF Administration organised a function to commemorate the Golden Jubilee Year (1955-2005) of Integeral Coach Factory Chennai. Shri R. Velu, Minister of State for Railways (Local MP Shri Kuppuswamy and MLA Shri B. Ranganathan) speaking on the occasion did not touch the employees demands i.e. stoppage of outsourcing, a special increment and 1st class privilege passes for the employees, "Timex" watches to the Pensioners also, as given to the working employees as a gift on the occasion. The employees were dismayed as the administration was not serious about their feelings. However a memorandum was handed over to the minister.

